# भारतीय स्टेट बैंक

## केंद्रीय भर्ती एवं पदोन्नत्ति विभाग, कारपोरेट केन्द्र, मुंबई

### विज्ञापन संख्या : सीआरपीडी/एससीओ/2014-15/03

# स्टेट बैंक समूह में विशेषज्ञ संवर्ग के अधिकारियों की भर्ती

**आवेदन का ऑनलाइन पंजीकरण : 09.09.2014 से 25.09.2014**

**फीस का भुगतान ऑनलाइन : 09.09.2014 से 25.09.2014**

भारतीय स्टेट बैंक, भारतीय नागरिकों से स्टेट बैंक समूह में निम्नलिखित विशेषज्ञ संवर्ग के अधिकारियों की नियुक्ति के लिए ऑन-लाइन आवेदन आमंत्रित करता है. उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे बैंक की वेबसाइट **www.statebankofindia.com** या **www.sbi.co.in** के जरिए ऑन-लाइन आवेदन करें.

**कृपया ध्यान दें :**

| | |
|---|---|
| **1.** | इस परियोजना के अंतर्गत उम्मीदवार केवल एक पद के लिए आवेदन कर सकते हैं. |
| **2.** | आवेदन के पंजीकरण की प्रक्रिया तभी पूरी होगी जब शुल्क जमा कराने की निर्धारित तिथि को या उससे पहले शुल्क बैंक में ऑन-लाइन जमा कर दिया गया हो. |
| **3.** | आवेदन करने से पूर्व, उम्मीदवार सुनिश्चित करें कि वे पात्रता की तिथि को उस पद के लिए पात्रता मानदण्ड को पूरा करते हैं. ऑन-लाइन परीक्षा के लिए प्रवेश दस्तावेजों के सत्यापन के बिना पूर्ण रूप से अनन्तिम होगा. साक्षात्कार के लिए आने पर उम्मीदवार द्वारा प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों के सत्यापन के अध्यधीन उनकी उम्मीदवारी रहेगी. |
| **4.** | **मेडिकल ऑफिसर (पीपीएमओ)** के लिए आवेदन करनेवाले उम्मीदवार परिच्छेद 4(घ) के अनुसार भारतीय स्टेट बैंक को दस्तावेजों की प्रतियों के साथ अपने ऑन-लाइन आवेदन का प्रिंट आउट की प्रति भेजें. |
| **5.** | उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि विवरण और अद्यतन जानकारी के लिए बैंक की वेबसाइट **www.statebankofindia.com** या **www.sbi.co.in** देखें. |

## रिक्त-पदों का विवरण

### पद : अर्थशास्त्री एवं रिस्क विश्लेषक (निम्नानुसार विभिन्न श्रेणियों के लिए)

### बैंक : भारतीय स्टेट बैंक

| क्र. सं. | पद व पद कोड | श्रेणी | बैंक | रिक्त-पद (सामान्य) | आयु | | शैक्षणिक अर्हता 01.09.2014 को | अनिवार्य अर्हता पश्चात अनुभव 01.11.2014 को |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | न्यूनतम | अधिकतम | | |
| 1. | मुख्य प्रबंधक (अर्थशास्त्री)<br>**पद कोड**<br>**सीएमईसी** | एसएमजीएस IV | एसबीआई | 01 | - | 30 वर्ष | अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर डिग्री<br>**अन्य अपेक्षाएं**<br>उम्मीदवार के पास उत्कृष्ट संप्रेषण एवं लेखन कौशल हो<br>स्टाटा, एसएएस तथा ईवीआईईडब्ल्यूएस जैसे इकोनोमेट्रिक पैकेजेस में अनुभव रखनेवाले उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी. | योग्यता पश्चात वित्तीय संस्थान/ बैंक/ इंडस्ट्रि चेंबर/ रेटिंग एजेन्सियों में अर्थशास्त्री या विश्लेषक के रूप में न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव.<br>एनालिटिक्स, इंडस्ट्री रिसर्च, तथा मैक्रोइकोनोमिक फोरकास्टिंग (पूर्वानुमान) व एनालिसिस (विश्लेषण) पृष्ठभूमि के उम्मीदवारोंको वरीयता दी जाएगी.<br>इंडस्ट्री चेंबर तथा एनालिटिक्स फर्म में अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी. |
| 2. | प्रबंधक (अर्थशास्त्री)<br>**पद कोड**<br>**एमजीईसी** | एमएमजीएस III | एसबीआई | 01 | - | 27 वर्ष | अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर डिग्री<br>**अन्य अपेक्षाएं**<br>उम्मीदवार के पास उत्कृष्ट संप्रेषण एवं लेखन कौशल हो.<br>स्टाटा, एसएएस तथा ईवीआईईडब्ल्यूएस जैसे इकोनोमेट्रिक पैकेजेस में अनुभव रखनेवाले उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी. | योग्यता पश्चात वित्तीय संस्थान/ बैंक/ इंडस्ट्रि चेंबर/ रेटिंग एजेन्सियों में अर्थशास्त्री या विश्लेषक के रूप में न्यूनतम 2 वर्ष का अनुभव.<br>कारपोरेट वित्त, निवेश रिसर्च तथा मैक्रोइकोनोमिक फोरकास्टिंग (पूर्वानुमान) व एनालिसिस (विश्लेषण) पृष्ठभूमि के उम्मीदवारोंको वरीयता दी जाएगी.<br>निवेश बैंकिंग प्रभाग, विशेषकर रेटिंग एजेंसी में अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी. |
| 3. | उप प्रबंधक (अर्थशास्त्री)<br>**पद कोड**<br>**डीएमईसी** | एमएमजीएस II | एसबीआई | 01 | - | 25 वर्ष | अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर डिग्री<br>**अन्य अपेक्षाएं**<br>उम्मीदवार के पास उत्कृष्ट संप्रेषण एवं लेखन कौशल हो.<br>स्टाटा, एसएएस तथा ईवीआईईडब्ल्यूएस जैसे इकोनोमेट्रिक पैकेजेस में अनुभव रखनेवाले उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी. | मैक्रोइकोनोमिक फोरकास्टिंग (पूर्वानुमान) व एनालिसिस (विश्लेषण) पृष्ठभूमि के उम्मीदवार को वरीयता दी जाएगी.<br>शोध संस्थान/ बैंक या रेटिंग एजेंसी में अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी. |
| 4. | सहा. महा प्रबंधक (रिस्क विश्लेषक)<br>**पद कोड**<br>**एजीआरए** | एसएमजीएस V | एसबीआई | 01 | - | 40 वर्ष | सांख्यिकी में स्नातकोत्तर डिग्री<br>**या**<br>एमबीए/ एमएमएस/ पीजीडीपीए/ पीजीपीएम/ पीजीडीबीएम (कोर्स पूर्णकालीन 2 वर्ष अवधि का होना चाहिए. पत्राचार द्वारा/ अंशकालीन पाठ्यक्रम को पात्र नही समझा जाएगा. संस्थान सरकार / सरकारी संस्थाओं/ एआईसीटीई द्वारा मान्यताप्राप्त होने चाहिए.<br>**अन्य अपेक्षाएं**<br>स्टाटा, एसएएस जैसे इकोनोमेट्रिक पैकेजेस में अनुभव रखनेवाले उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी. | शैक्षणिक योग्यता प्राप्त करने के बाद न्यूनतम 10 वर्षो का वित्तीय संस्थानों/ बैंकों/ इंडस्ट्री चेम्बरों/ रेटिंग एजन्सीयों/ विश्लेषक कंपनीयों में अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी. |
| 5. | मुख्य प्रबंधक (रिस्क विश्लेषक)<br>**पद कोड**<br>**सीएमआरए** | एसएमजीएस IV | एसबीआई | 01 | - | 35 वर्ष | सांख्यिकी में स्नातकोत्तर डिग्री<br>**या**<br>एमबीए/ एमएमएस/ पीजीडीपीए/ पीजीपीएम/ पीजीडीबीएम (कोर्स पूर्णकालीन 2 वर्ष अवधि का होना चाहिए. पत्राचार द्वारा/ अंशकालीन पाठ्यक्रम को पात्र नही समझा जाएगा. संस्थान सरकार / सरकारी संस्थाओं/एआईसीटीई द्वारा मान्यताप्राप्त होने चाहिए.<br>**अन्य अपेक्षाएं**<br>स्टाटा, एसएएस जैसे इकोनोमेट्रिक पैकेजेस में अनुभव रखनेवाले उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी. | शैक्षणिक योग्यता प्राप्त करने के बाद न्यूनतम 5 वर्षो का वित्तीय संस्थानों/ बैंकों/ इंडस्ट्री चेम्बरों/ रेटिंग एजन्सीयों/ विश्लेषक कंपनीयों में अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी. |
| | **पद : कंपनी सचिव**<br>**बैंक : स्टेट बैंक ऑफ त्रावणकोर** | | | | | | | |
| 6. | मुख्य प्रबंधक (कंपनी सचिव)<br>**पद कोड**<br>**सीएमसीएस** | एसएमजीएस IV | एसबीटी | 01 | 30 वर्ष | 45 वर्ष | न्यूनतम 65 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक परीक्षा पास और भारतीय कंपनी सचिव संस्थान की एसोसिएट सदस्यता<br>विधि में स्नातक वांछनीय | कंपनी सचिव के रूप में अधिमानतः किसी सरकारी क्षेत्र के बैंक या किसी प्रतिष्ठित पब्लिक लिमिटेड कंपनी में निवेश संबंध, सचिव संबंधी मामले, सांविधिक अनुपालन में योग्यता पश्चात 3 वर्ष का अनुभव. |

अगले पृष्ठ पर देखिए....

पिछले पृष्ठ से जारी..

## पद : पर्मनेंट पार्ट टाइम मेडिकल ऑफिसर्स (स्थायी अंशकालिक चिकित्सा अधिकारी) (पीपीएमओ)
## बैंक : भारतीय स्टेट बैंक

| पद व पद कोड | श्रेणी | रिक्त-पद | | | | | | | अधिकतम आयु | 01.09.2014 को पात्रता मानदण्ड | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अजा | अजजा | अपिव | सामान्य | योग | शारीरिक विकलांग | | | अनिवार्य अर्हता | अर्हता पश्चात अनुभव |
| | | | | | | | ओएच | वीआई | | | |
| पर्मनेंट पार्ट टाइम मेडिकल ऑफिसर्स-I **पद कोड पीपीएमओ** | पीपीएमओ I | 8 | 1 | 14 | 23 | 46 | 2 | 1 | 35 | मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से एमबीबीएस डिग्री | जनरल प्रैक्टिशनर के रूप में न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव, जो मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया (एमसीआई) के साथ पंजीकरण की तिथि से पात्रता की तिथि तक का गिना जाएगा. (इंटर्नशिप के दौरान प्राप्त अनुभव को पात्रता के लिए नहीं गिना जाएगा) |

अपिव रिक्त-पदों में 2 बैकलॉग रिक्त-पद शामिल हैं.

संकेताक्षर :
अजा - अनुसूचित जाति, अजजा-अनुसूचित जनजाति, अपिव-अन्य पिछड़ा वर्ग, शा.वि.-अक्षम व्यक्ति, ओएच-अस्थि विकलांग, वीआई-दृष्टि विकलांग

| वेतनमान संकेताक्षर | | वेतनमान (रु.) | अनुमानित मासिक परिलब्धियां (रु.) |
|---|---|---|---|
| PPMO I | पर्मनंट पार्ट टाइम मेडिकल ऑफिसर्स - I | 14500-600/7-18700-700/2-20100 (पीपीएमओ) | 30,000/- |
| MMGS II | मध्यक्रम प्रबंधन श्रेणी स्केल - II | 19400-700/1-20100-800/10-28100 | 40,000/- |
| MMGS III | मध्यक्रम प्रबंधन श्रेणी स्केल - III | 25700-800/5-29700-900/2-31500 | 52,000/- |
| SMGS IV | वरिष्ठ प्रबंधन श्रेणी स्केल - IV | 30600-900/4-34200-1000/2-36200 | 63,000/- |
| SMGS V | वरिष्ठ प्रबंधन श्रेणी स्केल - V | 36200-1000/2-38200-1100/2-40400 | 74,000/- |

**टिप्पणी :** 1) अपिव श्रेणी के, लेकिन क्रीमी लेयर मे आनेवाले उम्मीदवार अपिव आरक्षण तथा आयु छूट के पात्र नहीं हैं. वह अपनी श्रेणी को सामान्य या सामान्य (ओएच/वीआई), जो भी लागू हो, लिखें.
2) उच्चतम आयु सामान्य श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए दर्शायी गई है. ऊपरी आयु सीमा में छूट नीचे दिए पैरा 1 बिंदु सं. अ में दिए अनुसार उपलब्ध है.
3) आरक्षित रिक्त-पदों को मिलाकर उपरोक्त कुल रिक्त-पदों की संख्या अनंतिम है तथा संबंधित बैंक की वास्तविक आवश्यकताओं के अनुसार इसमें परिवर्तन किया जा सकता है.
4) आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवार, जिनमें शारीरिक विकलांग शामिल है और जिनके लिए कोई आरक्षण उल्लिखित नहीं है, भी सामान्य (अनारक्षित) श्रेणी के लिए घोषित रिक्त-पदों के लिए आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं और उन्हें सामान्य (अनारक्षित) श्रेणी के लिए पात्रता शर्तों को पूरा करना आवश्यक है.
5) कुल प्रारम्भिक मासिक परिलब्धियों की गणना महानगरीय केंद्रों में तैनाती के लिए की गई है. इसमें तैनाती की जगह और समय-समय पर मिलनेवाले महंगाई भत्ते की प्रतिशतता के अनुसार परिवर्तन हो सकता है.
6) शारीरिक विकलांग (शावि) हेतु आरक्षण समस्तर है और पद के लिए कुल रिक्त-पदों के अंतर्गत है.

**1 पात्रता मानदण्ड :**

उम्मीदवार दिनांक 01.09.2014 को उपरोक्त अनुसार पात्रता मापदंडों को पूरा करने चाहिए.

**अ) ऊपरी आयु सीमा में छूट :**

| अनुक्रम | श्रेणी | आयु छूट |
|---|---|---|
| 1 | अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति | 5 वर्ष |
| 2 | अन्य पिछड़े वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर) | 3 वर्ष |
| 3 | शारीरिक रूप से अशक्त व्यक्ति (पीडब्ल्यूडी) | पीडब्ल्यूडी (अजा/अजजा) 15 वर्ष<br>पीडब्ल्यूडी (अपिव) 13 वर्ष<br>पीडब्ल्यूडी(सामान्य) 10 वर्ष |
| 4 | आपातकालीन कमीशन प्राप्त अधिकारियों (ईसीओ)/अल्पावधि सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारियों (एसएससीओ) सहित भूतपूर्व सैनिक बशर्ते आवेदनकर्ता ने सैन्य सेवा में लगातार कम से कम 5 वर्ष सेवा की हो और जो निर्दिष्ट कार्यकाल पूरा होने पर सेवामुक्त किये गए हैं (इनमें वे भी शामिल हैं जिनका कार्यकाल आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि से एक वर्ष में पूरा होने वाला है) किंतु उनमें वे भूतपूर्व सैनिक शामिल नहीं हैं जिन्हें कदाचार या अकुशलता या शारीरिक अक्षमता के कारण सेवामुक्त किया गया है अथवा जो सैन्य सेवा से संबंधित अपंगता या अशक्तता के कारण से सेवामुक्त कर दिये गए हों. | 5 वर्ष |
| 5. | वे उम्मीदवार जो 1 जनवरी, 1980 और 31 दिसम्बर 1989 के बीच की अवधि में सामान्यतः जम्मू और कश्मीर राज्य के कश्मीर डिवीजन के अधिवासी रहे थे. | 5 वर्ष |

**टिप्पणी : आयु सीमा संबंधी छूट उपर्युक्त मदों या विभिन्न मदों के अंतर्गत दर्शायी गई अन्य आयु सीमा की छूटों को मिलाकर नहीं दी जाएगी.**

**ब) अस्थि विकलांग (OH)/दृष्टि विकलांग (VH) उम्मीदवार के लिए टिप्पणी :**

**ऐसे अस्थि/दृष्टि विकलांग उम्मीदवार, जो संबंधित विकलांगता के न्यूनतम 40% तक पीड़ित हैं, के पास केन्द्र या राज्य सरकार के विधिवत गठित चिकित्सा बोर्ड द्वारा जारी अपंगता प्रमाणपत्र होने चाहिए और जो ऑन लाइन आवेदन प्रस्तुत करने की तिथि या उससे पूर्व जारी किए हुए होने चाहिए.**

**क)** केवल ऐसे उम्मीदवार ही आवेदन करने के पात्र हैं जिनकी चलने-फिरने संबंधी विकलांगता या प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात की दुर्बलता न्यूनतम 40% हो तथा जो निम्नलिखित श्रेणी के अंतर्गत आते हों ;

एमडब्ल्यू - मांसपेशीय दुर्बलता और सीमित शारीरिक क्षमता
ओएल - एक पैर प्रभावित (दाँया या बाँया)
बी एल - दोनों पैर प्रभावित परंतु भुजाएं नहीं
ओ ए - एक भुजा प्रभावित (दायीं या बायीं) - क) चलने-फिरने में कठिनाई
ख) पकड़ने की कमजोरी
ग) गति विभ्रम

**ख)** केवल ऐसे दृष्टि विकलांग उम्मीदवार जो निम्नलिखित में से किसी भी एक स्थिति से पीड़ित हो, आवेदन करने हेतु पात्र हैं.

i) दृष्टिहीनता
ii) दृष्टि तीक्ष्णता 6/60 से अधिक न हो या सही लैंसों के साथ अच्छी आँख में 20/200 (स्नेलेन) से अधिक न हो.
iii) दृष्टि के क्षेत्र की परिसीमा 20 डिग्री के कोण में कक्षान्तरित हो या उससे भी खराब स्थिति में हो.

**ग)** ऐसे उम्मीदवार जो विकलांग उम्मीदवार के लिए समान अवसर, अधिकारों का संरक्षण और पूर्ण सहभागिता अधिनियम, 1995 के प्रथम अध्याय की धारा 2 (यू) के अंतर्गत न्यून दृष्टि क्षमता (लो-विज़न) वाले श्रेणी में आते हैं.

**घ)** प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात तथा दृष्टिहीन/दुर्बल दृष्टि के कारण जिन उम्मीदवारों की लेखन गति कम हो, केवल उन उम्मीदवारों को परीक्षा के दौरान लेखन कार्य के लिए लिखने वाले का उपयोग अनुमत किया जाएगा, ऐसे सभी मामलों में जिनमें लिपिक का उपयोग किया जाता हैं, निम्नलिखित नियम लागू होते हैं :

i) उम्मीदवार को अपनी स्वयं की लागत पर अपने लिए लिखनेवाले की व्यवस्था करनी होगी.
ii) उम्मीदवार को ऑनलाइन परीक्षा के समय निर्धारित प्रारूप में एक उचित वचन पत्र देना होगा
iii) नेत्रहीन/कम दृष्टि वाले और अन्य उम्मीदवार जिनके लिखने की क्षमता प्रमस्तिष्किय पक्षाघात से प्रभावित होती है, चाहे वे लिखने वाले का उपयोग करते हैं या नही करते हैं, परीक्षा के प्रत्येक घंटे के लिए तथा/अथवा उसके भाग के लिए 20 मिनट के अतिरिक्त समय की अनुमति दी जाएगी.

**2. परिलब्धियाँ :**

**अर्थशास्त्री :** विभिन्न श्रेणी के लिए लागू स्केल ऊपर दी गई है. अधिकारी समय-समय पर लागू आवास या मकान किराया भत्ता, वाहन भत्ता, वैद्यकीय लाभ, एलएफसी/एचटीसी, रियायती ब्याज पर ऋण आदि के लिए भी पात्र होंगे.

**चिकित्सा अधिकारी (पीपीएमओ) :** वेतनमान ऊपर प्रस्तुत किया गया है. वेतन व अन्य लाभ, डीए, सीसीए, एलएफसी, चिकित्सा सुविधा आदि ऐसे अधिकारियों के लिए लागू समान नियमों व शर्तो के अनुसार होंगे.

**3. प्रोबेशन (परिवीक्षा)**

i) एमएमजीएस-II : पद - दो वर्ष
ii) अन्य पद - एक वर्ष

**4. चयन प्रक्रिया :**

**(क) अर्थशास्त्री (ख) रिस्क विश्लेषक (ग) कंपनी सचिव :** उम्मीदवारों का चयन परीक्षा और साक्षात्कार के आधार पर होगा. परीक्षा 17 अक्तूबर, 2014 माह में आयोजित होने की संभावना है (**आवेदकों की संख्या कम होने पर परीक्षा व साक्षात्कार के स्थान पर योग्य उम्मीदवारों की सूची तैयार करके और साक्षात्कार के माध्यम से चयन पूरा करने का अधिकार बैंक के पास सुरक्षित है.**) परीक्षा की तिथि बैंक की वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी और एसएमएस तथा ईमेल के माध्यम से उम्मीदवारों को सूचित की जाएगी. उम्मीदवारों को अपने बुलावा पत्र डाउनलोड करने होंगे. परीक्षा **अहमदाबाद, बंगलुरू, भोपाल, भुवनेश्वर, चंडीगढ़, चेन्नई, गुवाहाटी, हैदराबाद, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई, नई दिल्ली, पटना व त्रिवेंद्रम** केंद्रों पर आयोजित हो सकती है. किसी भी केंद्र को जोड़ने या हटाने तथा उम्मीदवारों द्वारा चुने गए केंद्र के अलावा अन्य केंद्र को आबंटित करने का अधिकार बैंक के पास सुरक्षित है.

**परीक्षा का नमूना : (i) अर्थशास्त्री पद के लिए**

| अ.क्र. | परीक्षा विवरण | प्रश्नों की संख्या | अंक | समय |
|---|---|---|---|---|
| वस्तुनिष्ठ परीक्षा : ऑनलाइन | | | | |
| i | तर्कज्ञान की परीक्षा | 50 | 50 * | 90 मिनट |
| ii | परिमाणात्मक योग्यता | 35 | 35 | |
| iii | अंग्रेजी भाषा | 35 | 35 | |
| iv | व्यावसायिक ज्ञान | 50 | 100 | 45 मिनट |
| *व्यावसायिक ज्ञान (पीके) के अलावा अन्य परिक्षाएं पात्रता प्रकृति की हैं और उनके अंक योग्यता सूची तैयार करने में नहीं गिने जाएंगे. | | | | |
| वर्णनात्मक परीक्षा : ऑनलाइन (उम्मीदवारों को उत्तर कम्प्यूटर पर टाईप करना होगा) | | | | |
| अंग्रेजी भाषा परीक्षा : अर्थशास्त्र संबंधी विषय पर निबंध | | 1 | 50 | 45 मिनट |

**(ii) रिस्क विश्लेषक और कंपनी सचिव की परीक्षा का नमूना**

परीक्षा ऑनलाइन वस्तुनिष्ठ परीक्षा होगी और परीक्षा का नमूना अर्थशास्त्री के लिए जिस तरह है, उसी तरह होगा. इस पद के लिए वर्णनात्मक परीक्षा नही होंगी.

अगले पृष्ठ पर देखिए....

पिछले पृष्ठ से जारी..

**पात्रता अंक**

**वस्तुनिष्ठ परीक्षा**

➢ व्यावसायिक ज्ञान (पीके) परीक्षा को छोड़कर अन्य परीक्षाओं के लिए न्यूनतम पात्रता अंक, प्रत्येक परीक्षा में सहभागी उम्मीदवारों के प्रदर्शन के आधार पर बैंक द्वारा निर्धारित किए जाएंगे

➢ व्यावसायिक ज्ञान (पीके) परीक्षा के पात्रता अंक बैंक द्वारा निर्धारित किए जाएंगे

**वर्णनात्मक परीक्षा**

➢ वर्णनात्मक परीक्षा के पात्रता अंक बैंक द्वारा निर्धारित किए जाएंगे

**परीक्षा संबंधी योग्यता सूची**

अर्थशास्त्री परीक्षा के अनुसार पात्र उम्मीदवारों की योग्यता सूची, व्यावसायिक ज्ञान परीक्षा और वर्णनात्मक परीक्षा में प्राप्त समेकित अंकों के आधार पर होगी.

रिस्क विश्लेषक एवं कंपनी सचिव परीक्षा के अनुसार पात्र उम्मीदवारों की योग्यता सूची केवल व्यावसायिक ज्ञान परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर होगी.

**साक्षात्कार :** उम्मीदवार के कुल अंक वस्तुनिष्ठ परीक्षा और वर्णनात्मक परीक्षा में प्राप्त पात्रता अंकों को (केवल अर्थशास्त्री पद के लिए) अवरोही रूप में लगाया जाएगा. बैंक के निर्णय अनुसार साक्षात्कार के लिए समुचित मात्रा में उम्मीदवारों को आमंत्रित किया जाएगा. साक्षात्कार के लिए पात्रता अंकों को बैंक द्वारा निर्धारित किया जाएगा.

**(ग) चिकित्सा अधिकारी (पीपीएमओ) :** चयन, योग्य उम्मीदवारों की सूची और साक्षात्कार के आधार पर होगा. **पीपीएमओ पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवार अपने ऑनलाइन आवेदन का प्रिंटआउट निम्नलिखित प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपियों के साथ लिफाफे में बंद कर उस पर ''चिकित्सा अधिकारी पद के लिए आवेदन'' लिखकर यहां भेजें :**

महाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक, कारपोरेट सेंटर, केंद्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, अटलांटा बिल्डिंग, 3री मंजिल, प्लॉट नं. 209, बीबीआर, ब्लॉक नं. III, नरीमन पॉइंट, मुंबई 400 021.

**संलग्न किए जानेवाले दस्तावेजों की प्रतिलिपियां :**

1. आयु का प्रमाण, 2. शैक्षणिक योग्यता का प्रमाण, 3. अजा/अजजा उम्मीदवारों के लिए भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाणपत्र, 4. अपिव उम्मीदवारों के लिए दि. 01.04.2014 से साक्षात्कार की तिथि तक `नॉन-क्रीमी लेयर' उपवाक्य के साथ अपिव प्रमाणपत्र, 5. भूतपूर्व सैनिक उम्मीदवारों से सेवा-मुक्ति प्रमाणपत्र, 6. मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा जारी पंजीकरण प्रमाणपत्र की प्रतिलिपि, 7. अनुभव प्रमाणपत्र.

**उपर्युक्त उल्लिखित पते पर सभी संलग्न प्रमाणपत्रों के साथ ऑनलाइन आवेदन का प्रिंटआउट प्राप्त करने की अंतिम तिथि : 04-10-2014**

**5. नियुक्ति का स्थान**

अर्थशास्त्री को मुंबई में बैंक के आर्थिक अनुसंधान विभाग या बैंक की आवश्यकतानुसार किसी भी अन्य स्थान पर नियुक्त किया जाएगा

**(घ) चिकित्सा अधिकारी संबंधी रिक्त-पद निम्नलिखित केंद्रों पर हैं :**

| अनु.क्र. | मंडल व केंद्र | रिक्त-पद |
|---|---|---|
| 1 | **अहमदाबाद मंडल** | |
| | अहमदाबाद | 2 |
| | बड़ोदा | 1 |
| | राजकोट | 1 |
| | भावनगर | 1 |
| | सुरत | 1 |
| 2 | **बंगलुरू मंडल** | |
| | बंगलुरू | 2 |
| 3. | **भोपाल मंडल** | |
| | भोपाल | 1 |
| | इंदौर | 1 |
| | ग्वालियर | 1 |
| | बिलासपुर | 1 |
| 4. | **भुवनेश्वर मंडल** | |
| | भुवनेश्वर | 1 |
| | बेरहामपुर | 1 |
| | संबलपुर | 1 |
| 5. | **चंडीगढ़ मंडल** | |
| | चंडीगढ़ | 1 |
| | लुधियाना | 1 |
| | शिमला | 1 |
| | जम्मू | 1 |
| 6. | **चेन्नई मंडल** | |
| | चेन्नई | 1 |
| | मदुराई | 1 |
| | तिरूचिरापल्ली | 1 |
| 7. | **हैदराबाद मंडल** | |
| | सिकंदराबाद | 1 |
| | विजयवाडा | 1 |
| | तिरूपती | 1 |
| | गुंटूर | 1 |
| 8. | **नई दिल्ली मंडल** | |
| | जयपुर | 2 |
| | मेरठ | 1 |
| | देहरादून | 1 |
| | आगरा | 1 |
| 9. | **उत्तर पूर्व मंडल** | |
| | जोरहाट | 1 |
| 10. | **लखनऊ मंडल** | |
| | बरेली | 1 |
| | लखनऊ | 1 |
| | गोरखपुर | 1 |
| | वाराणसी | 1 |
| 11. | **मुंबई मंडल** | |
| | मुंबई | 2 |
| | सीबीडी बेलापुर | 1 |
| | पणजी, गोवा | 1 |
| 12. | **पटना मंडल** | |
| | देवघर | 1 |
| | धनबाद | 1 |
| | मुज्जफरपुर | 1 |
| 13. | **त्रिवेंद्रम मंडल** | |
| | त्रिवेंद्रम | 2 |
| | एर्णाकुलम | 1 |

**6. आवेदन शुल्क और सूचना प्रभार : (वापस करने योग्य नहीं)**

| क्रमांक | श्रेणी | कुल |
|---|---|---|
| 1 | अजा/अजजा/पीडब्ल्यूडी | रु. 100/- (सूचना प्रभार मात्र) |
| 2 | अन्य सभी उम्मीदवार | रु. 500/- (आवेदन शुल्क और सूचना प्रभार) |

**7. आवेदन कैसे करें :**

सम्पूर्ण विवरण के लिए / की प्रक्रिया

(क) आवेदन पंजीकरण (ख) शुल्क भुगतान (ग) फोटोग्राफ एवं हस्ताक्षर स्कैन और अपलोड

बैंक की वेबसाइट **www.sbi.co.in / www.statebankofindia.com** पर **'करिअर्स विथ अस' स्टेट बैंक समूह में विशेषज्ञ संवर्ग के अधिकारियों की भर्ती** देखें.

**8. परीक्षा के लिए कॉल लेटर्स**

उम्मीदवार दि. 09.10.2014 से बैंक की वेबसाइट पर जाकर अपना पंजीयन नंबर एवं पासवर्ड/ जन्म दिनांक की प्रविष्टि करके कॉल लेटर और 'एक्वेंट युवरसेल्फ' पुस्तिका डाउनलोड करें, **कॉल लेटर/ एक्वेंट युवरसेल्फ पुस्तिका डाक से भेजी नहीं जाएगी.**

**9. पहचान पत्र की पुष्टि परीक्षा के समय प्रस्तुत करनी होगी.**

उम्मीदवार अपने साथ फोटो पहचान-पत्र/ प्रमाण अवश्य लाएं जैसे कि पासपोर्ट/ आधार/ पैन कार्ड/ ड्राइविंग लाइसेन्स/ मतदाता पत्र/ साक्षांकित फोटो के साथ बैंक पासबुक/ संस्था या कॉलेजद्वारा जारी पहचान-पत्र/ राजपत्रित अधिकारी द्वारा जारी लेटरहेड मूल और स्वयं साक्षांकित फोटो प्रतिलिपि. **पहचान पत्र की फोटो कॉपी कॉल लेटर के साथ परीक्षा हॉल में पर्यवेक्षक को देनी होगी अन्यथा या उम्मीदवार की पहचान पर संदेह हो, तो उम्मीदवार को परीक्षा में बैठने नहीं दिया जाएगा.**

**10. कदाचार के दोषी पाए गए उम्मीदवारों के विरुद्ध कार्रवाई**

उम्मीदवारों को यह चेतावनी दी जाती है कि ऐसा कोई विवरण न दें/ संलग्न न करें जो असत्य, जाली/ बनावटी हो या आवेदन-पत्र भरते समय किसी भी महत्वपूर्ण सूचना को न छिपाएँ. यदि परीक्षा/ साक्षात्कार के समय कोई उम्मीदवार निम्नलिखित बातों का दोषी पाया जाता है.

(i) परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों का प्रयोग करना या (ii) छद्म व्यक्ति बनकर छद्म व्यक्ति द्वारा परीक्षा देना या (iii) परीक्षा हॉल में दुर्व्यवहार करना या प्रश्नपत्र (अथवा उसका कोई भाग)/ उत्तर पुस्तिका को परीक्षा हॉल से बाहर ले जाने या (iv) उम्मीदवार के रूप में अपने चयन हेतु किसी अनियमित या अनुचित साधन का आश्रय लेना या (v) अपनी उम्मीदवारी के संबंध में किसी भी अनुचित साधन की सहायता लेना, तो ऐसे उम्मीदवार के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही तो होगी ही, साथ हीः

क) जिस परीक्षा में भाग ले रहे होंगे, उसमें उसे **अयोग्य** घोषित किया जाएगा,

ख) भारतीय स्टेट बैंक द्वारा संचालित भर्ती के लिए किसी भी परीक्षा से स्थायी रुप से या किसी निश्चित अवधि के लिए वंचित कर दिया जाएगा.

**11. बैंक उम्मीदवार के जवाबों का परीक्षा में शामिल अन्य उम्मीदवारों के जवाबों के साथ समानता ढूँढ़ने के लिए विश्लेषण करता है. इस विश्लेषण के आधार पर यदि यह पाया जाता है कि जवाब एकजैसे है, और प्राप्त अंक यथार्थ/ वैध नहीं है, तो बैंक के पास उम्मीदवारी रद्द करने अधिकार सुरक्षित है.**

**12. उम्मीदवारों को मोबाइल फोन, पेजर, केलक्यूलेटर या ऐसे उपकरण का उपयोग करने की अनुमति नहीं है.**

क) जहां परीक्षा आयोजित की गयी है, उस परिसर में मोबाइल फोन, पेजर्स या कोई भी संचार उपकरण लाने की अनुमति नहीं है. इन सूचनाओं का पालन न करनेवाले उम्मीदवारों की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी और भविष्यकालीन परीक्षाओं में शामिल होने की अनुमति न मिलने के साथ उन पर अनुशासनिक कार्रवाई भी की जाएगी.

ख) उम्मीदवारों को उनके हित में यह सूचना दी जाती है कि वे मोबाइल फोन/ पेजर्स जैसी निषिद्ध वस्तुएं परीक्षा परिसर में न लाएं क्योंकि इन चीजों के सुरक्षित रखरखाव का आश्वासन नहीं दिया जा सकता.

ग) उम्मीदवारों को परीक्षा परिसर में कैलक्यूलेटर लाने या उसका उपयोग करने की अनुमति नहीं है.

**13. सामान्य सूचना :**

**(i)** उम्मीदवार ने जिस पद के लिए आवेदन किया है, उस पद के लिए अपनी पात्रता के बारे में संतुष्टि करें ऐसे सभी उम्मीदवारों को ऑन लाइन आवेदन में प्रस्तुत जानकारी और आवश्यक फीस का भुगतान करने पर परीक्षा में शामिल होने की बैंक अनुमति देगा और साक्षात्कार के समय पात्रता को निर्धारित करेगा.

**(ii)** जो उम्मीदवार सरकारी/ अर्ध-सरकारी कार्यालय, राष्ट्रीयकृत बैंकों और वित्तीय संस्थानों सहित सभी सार्वजनिक उपक्रमों में कार्यरत हैं, उनको सूचना दी जाती है कि वे अपने नियोक्ता से `अनुमति पत्र' लेकर साक्षात्कार के समय प्रस्तुत करें जिसके बिना उनकी उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है और यात्रा का किराया, अगर है, तो उसका भुगतान नहीं किया जाएगा.

**(iii)** नियुक्ति स्वीकारने के समय, उम्मीदवार को अपने पूर्व नियोक्ता से उचित कार्य-मुक्त प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा.

**(iv)** अ.जा/ अ.ज.जा उम्मीदवारों को यदि साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है, तो भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप पर प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जारी जाति-प्रमाण पत्र प्रस्तुत करता होगा.

**(v)** अ.पि.व. श्रेणी में आरक्षण चाहने वाले उम्मीदवारों को निर्धारित प्रारूप में वचनपत्र देना होगा कि वह दिनांक 25.09.2014 को क्रीमी लेयर में समाविष्ट नहीं था. दि.01.04.2014 से साक्षात्कार की अवधि के दौरान जारी 'नॉन क्रीमी लेयर' उल्लिखित अपिव प्रमाणपत्र वाले उम्मीदवारों को यदि साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है, तो उन्हें वह प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना चाहिए.

**(vi) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि से काफी पहले ऑन लाइन आवेदन करें और फीस का भुगतान करें ताकि इंटरनेट पर अतिभार से या वेबसाइट बंद होने से डिस्कनेक्शन/असहायता/वेबसाइट पर लॉग ऑन के लिए असमर्थता आदि न हो.**

**(vii) उपर्निदिष्ट कारणों से या एसबीआई के नियंत्रण के बाहर के कारणों से अंतिम तिथि के पहले आवेदन प्रस्तुत करने में असमर्थता होने वाले उम्मीदवारों की जिम्मेदारी भारतीय स्टेट बैंक की नहीं होगी.**

**(viii) उम्मीदवार एक से अधिक आवेदन प्रस्तुत न करें. यदि उम्मीदवार एक से अधिक आवेदन करता है, तो केवल अंतिम वैध (पूर्ण) आवेदन मान्य होगा और अन्य पंजीकरण निरस्त किए जाएंगे. किसी भी उम्मीदवार की ऑनलाइन परीक्षा और /साक्षात्कार में अनेक आवेदनों से उपस्थिति अस्वीकार होगी / उम्मीदवारी रद्द की जाएगी.**

**(ix) परीक्षा के समय प्रशासनिक समस्या आने की संभावना को पूर्णत: निकाल देना वांछनीय नहीं है, जिससे परीक्षा और/या परिणामों पर प्रभाव पड़ सकता है. ऐसी स्थिति में समस्या का समाधान ढूढ़ने का प्रयास किया जाएगा जिसमें जरूरी होने पर दूसरी परीक्षा का आयोजन शामिल है.**

**(x)** भर्ती के किसी भी चरण में यह पता लगने पर कि उम्मीदवार पात्रता संबंधी मानदंड पूरा नहीं करता/ करती है तथा/ अथवा उसने झूठ/ गलत विवरण दिया है या महत्वपूर्ण जानकारी (जानकारियां) छिपाई है, तो उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी और इनमें से किसी कमी का पता यदि उसकी नियुक्ति के बाद लगता है, तो उसे सेवा से तत्काल निकाला जा सकता है.

**(xi)** उम्मीदवारों को सलाह दी जाती हैं कि वे अपना ई-मेल आईडी कॉल लेटर/ साक्षात्कार निर्देश आदि पाने के लिए एक्टिव रखें.

**(xii)** चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति संबंधित बैंक द्वारा नियुक्त/ अनुमोदित चिकित्सा अधिकारी (अधिकारियों) द्वारा चिकित्सा की दृष्टि से स्वस्थ घोषित किए जाने के अध्यधीन होगी.

**(xiii)** पात्रता, लिखित परीक्षा का संचालन, अन्य परीक्षाएं और चयन आदि सभी मामलों के बारे में बैंक का निर्णय अंतिम होगा और उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होगा. इस संबंध में बैंक कोई भी अभ्यावेदन/पत्राचार स्वीकार नहीं करेगा.

**(xiv)** इस विज्ञापन से उत्तन्न मामले का दावा या विवाद कोई कानूनी कार्यवाही और/या उसके बारे में आवेदन केवल मुंबई में प्रारंभ किया जा सकता है और मुंबई स्थित न्यायालय/ प्राधिकरण/ मंच को ही कारण/ विवाद पर मुकदमा चलाने का एकमात्र तथा अनन्य अधिकार है.

**किसी भी तरह की सिफारिश अयोग्यता मानी जाएगी.**

**भारतीय स्टेट बैंक, कारपोरेट केन्द्र, मुंबई**
**दिनांक : 06.09.2014**

**महाप्रबंधक**
**(केंद्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग)**

**यह विज्ञापन बैंक की वेबसाइट http://www.statebankofindia.com या http://www.sbi.co.in पर भी उपलब्ध है. प्रिंटिंग त्रुटि यदि कोई हो, के लिए बैंक जिम्मेदार नहीं है.**